### एक नजर में



## सांदीपनी स्कूल में 5 दिवसीय कैरियर मेले का समापन

**चंदला ,31 जनवरी.** सांदीपनी विद्यालय में शासन के निर्देशानुसार 27 से 31 जनवरी तक 5 दिवसीय कैरियर मेले का आयोजन किया गया. इस मेले में हर दिन विद्यार्थियों को भविष्य की तैयारी, करियर विकल्पों और सरकारी सेवाओं से संबंधित जानकारी दी गई. यूनीसेफ द्वारा बेबी नार के माध्यम से छात्रों को मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया. 27 जनवरी 2026 को कैरियर मेले का शुभारंभ सरस्वती पूजन के साथ किया गया. मेले के अन्य दिनों में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ अतिथियों को आमंत्रित किया गया, जिनमें स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक, फील्ड ऑफिसर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी आदि शामिल रहे. उन्होंने छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं और करियर विकल्पों के बारे में जानकारी दी. कैरियर मेले के अंतिम दिन 31 जनवरी 2026 को इसका समापन किया गया. मुख्य अतिथि शासकीय नवीन महाविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. एके त्यागी उपस्थित रहे. उन्होंने छात्रों को करियर संबंधित मार्गदर्शन दिया और विद्यार्थियों के प्रश्नों के संतोषजनक उत्तर दिए. साथ ही उन्होंने छात्रों से कैरियर मेले के बारे में फीडबैक भी लिया. कार्यक्रम के अंत में सांदीपनी विद्यालय चंदला के प्राचार्य करन सिंह ने मुख्य अतिथि डॉ. ए. के. त्यागी सहित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया. उन्होंने छात्र-छात्राओं को करियर बनाने के लिए रुचि, क्षमता, मेहनत और धैर्य को आवश्यक बताया.

## खजुराहो के गौतम होटल पर 16 लाख का जुर्माना




**छतरपुर,31 जनवरी.** जिले के खजुराहो स्थित गौतम होटल में फूड प्वाइजनिंग से पांच लोगों की मौत के मामले में जिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है. खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत होटल प्रबंधन पर कुल 16 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है. इसकी जानकारी अपर जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) मिलिंद नागदेवे ने शनिवार, 31 जनवरी को दोपहर 2 बजे दी. एडीएम मिलिंद नागदेवे ने बताया कि इस मामले में खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत न्यायालय में प्रकरण दर्ज किया गया था. जांच के दौरान होटल प्रबंधन की गंभीर लापरवाही सामने आई, जिसके बाद यह दंडात्मक कार्रवाई की गई. न्यायालय द्वारा खाद्य सुरक्षा अधिनियम की पहली धारा के तहत 4 लाख रुपये तथा दूसरी धारा के तहत भी 4 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है. चूंकि दोनों धाराओं में अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए थे, इसलिए कुल जुर्माने की राशि 16 लाख रुपये निर्धारित की गई है. प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खाद्य सामग्री की गुणवत्ता और स्वच्छता को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी. यह कार्रवाई आम नागरिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की गई है. गौरतलब है कि फूड प्वाइजनिंग की इस घटना में पांच लोगों की मौत के बाद प्रशासन पर सख्त कदम उठाने का दबाव था. जिला प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि भविष्य में भी ऐसी घटनाओं पर कठोर कार्रवाई की जाएगी और खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच को और अधिक सख्त किया जाएगा.

## छात्राओं को दिया ब्यूटीशियन कोर्स का प्रशिक्षण

**भैरुंदा.** स्वामी विवेकानंद केरियर मार्गदर्शन के तत्वाधान में 30 दिवसीय अल्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने और उनमें व्यावसायिक कौशल विकसित करने के उद्देश्य से ब्यूटीशियन कोर्स का प्रशिक्षण दिया गया. प्राचार्य डॉ. चंद्रलेखा सांखला ने कहा वर्तमान समय में केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है. विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए इस प्रकार के व्यावसायिक कौशल कार्यक्रम आवश्यक हैं. यह कोर्स छात्राओं को आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाने में मील का पत्थर साबित होगा. ब्यूटीशियन कोर्स का प्रशिक्षण सुश्री सोनिया ठाकुर द्वारा दिया गया. अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए. इस मौके पर प्राध्यापक सुश्री दिव्यानी छोकर, डॉ. दीप्ति चौरसिया, प्रिया अग्निहोत्री आदि उपस्थित थे.

## समारोह आयोजित कर दी वरिष्ठ विद्यार्थियों को विदाई



**बुधनी.** नगर के ओरिएंटल पब्लिक स्कूल में वरिष्ठ विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक नीलकमल सरकार, प्राचार्य नीलिमा सरकार एवं शिक्षकगण द्वारा किया गया. इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, अभिनय एवं रोचक क्विज प्रतियोगिताओं की प्रस्तुति दी गई. इस अवसर पर मिस्टर फेयरवेल संकेत द्विवेदी एवं मिस फेयरवेल साधना कठोरिया सहित विभिन्न खिताबों से विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया. विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता की सराहना की.

## अनुष्का ने गोल्ड व गिरिराज ने जीता कांस्य पदक



**सीहोर.** राजधानी में आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम बॉक्सिंग खेल प्रतियोगिता में शहर के बॉक्सरों ने शानदार प्रदर्शन कर बालिका वर्ग में 80 किग्रा वजन में अनुष्का परमार ने गोल्ड मेडल एवं बालक वर्ग में 50 किग्रा वजन में गिरिराज वर्मा ने ब्रांज मेडल प्राप्त किया. इनकी इस उपलब्धि पर कलेक्टर बालागुरु के, विधायक सुदेश राय, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, अन्नू चौहान, राजेन्द्र सिंह, प्राचार्य अलोक शर्मा, अताउल्लाह खान, अंकित गुप्ता, आनन्द पंसोरिया, खेल अधिकारी रूबिका दीवान, रेखा कुशवाह, फुटबाल संघ के मनोज कन्नोजिया एवं सभी दोनों खिलाड़ियों को बधाई दी.

# 2 करोड़ की सड़क का किया भूमिपूजन

### वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार हुए शामिल

**चंदला,31 जनवरी. विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बंजारी अंतर्गत ग्राम पतिपुरवा में शुक्रवार को वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने नई सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया.**

इस सड़क निर्माण पर कुल 2 करोड़ 22 लाख रुपये की लागत आएगी. पतिपुरवा से बंजारी मार्ग तक बनने वाली इस सड़क का टेंडर संगम कंस्ट्रक्शन कंपनी को दिया गया है. इस सड़क के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी और लंबे समय से चली आ रही आवागमन की समस्या से राहत मिलेगी. कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे.




ग्रामीणों ने राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार का फूल-मालाओं से स्वागत किया और क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की. ग्रामीणों ने बताया कि वे लंबे समय से इस सड़क की मांग कर रहे थे. सड़क बनने से गांव की तस्वीर बदल जाएगी और आवागमन सुगम होगा. साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार जैसी बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच भी आसान हो जाएगी. इस अवसर पर राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि क्षेत्र में जहां भी किसी प्रकार की समस्या या कमी हो, उसकी जानकारी दी जाए. सरकार और वे स्वयं समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं.

## उचित मूल्य दुकानों पर कार्रवाई व जुर्माना

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरू के के निर्देशानुसार शासकीय उचित मूल्य दुकानों से राशन वितरण कम होने, प्रतीक्षारत परिवारों की ईकेवाइसी नहीं करने एवं नियमित रूप से दुकानें नहीं खोलने पर खाद्य विभाग द्वारा आष्टा एवं बुधनी अनुभाग की अनेक उचित मूल्य दुकानों पर कार्रवाई की गई है. मामले की जानकारी देते हुए जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि आष्टा अनुभाग के सिद्दीकगंज, कोटियानाला, सेमलीबारी, कांकरियाखेरी स्थित राशन दुकानों पर 3 3 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई की गई है. इसी प्रकार कोटियानाला एवं कन्नोदमिर्जा की राशन दुकान विक्रेताओं को जनवरी में वितरण प्रतिशत कम होने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया.

## बिजावर क्षेत्र में 16 वर्षीय छात्र की जहर खाने से मौत

### परीक्षा से पहले बुझ गया घर का इकलौता चिराग


**छतरपुर, 31 जनवरी. जिले के बिजावर थाना क्षेत्र के रानीताल/अंधियारा गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है. यहां 16 वर्षीय छात्र अरमान सिंह की जहर खाने से मौत हो गई.**

अरमान कक्षा 11वीं का छात्र था और उसकी परीक्षाएं 10 फरवरी से शुरू होने वाली थीं. घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है. परिजनों के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब 5 बजे अरमान ने अपने बड़े पापा जीतेंद्र सिंह को जगाते हुए कहा, 'बड़े पापा मुझे बचा लो, मैंने दवाई खा ली है, मैं मरना नहीं चाहता.' इसके बाद उसकी हालत तेजी से बिगड़ गई और वह बेहोश हो गया. परिजन उसे तुरंत बिजावर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल छतरपुर रेफर कर दिया. इलाज के दौरान अरमान ने दम तोड़ दिया. परिवार ने बताया



कि शुक्रवार-शनिवार की रात करीब 10 बजे अरमान घर में चक्की चलाने के बाद सो गया था. सुबह उठने पर उसने बेचैनी और शरीर में गर्मी लगने की शिकायत की और फिर जहर खाने की जानकारी दी. हालांकि वह यह नहीं बता सका कि उसने जहर क्यों खाया. बताया जा रहा है कि अरमान के पिता नरेंद्र सिंह का निधन उसके बचपन में ही हो गया था. इसके बाद उसकी परवरिश उसकी मां ने अकेले ही की थी. बेटे की असमय मौत से मां और पूरा परिवार गहरे सदमे में है. परिजनों को आशंका है कि अरमान ने गलती से पशुओं के चारे में इस्तेमाल होने वाली कोई जहरीली दवा खा ली होगी. हालांकि जहर खाने के कारणों की फिलहाल पुष्टि नहीं हो सकी है.

## ग्वाल मंगरा तालाब में प्रदूषण से मछलियों की मौत



- बीमारियों की आशंका, नपा पर लापरवाही के आरोप
- नालों का गंदा पानी और प्लास्टिक कचरा मिल रहा

**छतरपुर,31 जनवरी. शहर का प्रमुख ग्वाल मंगरा तालाब इन दिनों गंभीर प्रदूषण की चपेट में है. शहर के नालों से निकलने वाला गंदा पानी और प्लास्टिक कचरा सीधे तालाब में डाले जाने से तालाब का पानी अत्यधिक दूषित हो गया है.**

हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि बड़ी संख्या में मछलियों की मौत हो रही है. तालाब की सतह पर मरी हुई मछलियां तैरती दिखाई दे रही हैं, जबकि जलकुंभी के नीचे भी हजारों मछलियां मृत अवस्था में पड़ी हैं. सड़ती मछलियों से उठ रही तेज दुर्गंध के कारण आसपास के क्षेत्र में रहना दूभर हो गया है और पूरे इलाके में भय का माहौल बना हुआ है. स्थानीय निवासियों का कहना है कि बदबू के चलते घरों में रहना तक मुश्किल हो गया है. साथ ही मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है, जिससे त्वचा, सांस और पेट से जुड़ी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है. लोगों को आशंका है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो स्थिति गंभीर स्वास्थ्य संकट का रूप ले सकती है. नागरिकों ने आरोप लगाया है कि नगरपालिका की लापरवाही के कारण यह समस्या पैदा हुई है. उनका कहना है कि लंबे समय से नालों का गंदा पानी तालाब में गिर रहा है, लेकिन इसे रोकने के लिए कोई प्रभावी व्यवस्था नहीं की गई.

तालाब की नियमित सफाई और जलकुंभी हटाने का कार्य भी नहीं हो रहा है. लोगों का यह भी कहना है कि तालाबों की सफाई के नाम पर हर साल बजट तो स्वीकृत होता है, लेकिन जमीनी स्तर पर उसका प्रभाव नजर नहीं आता. नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि तालाब की तत्काल सफाई कराई जाए, नालों के गंदे पानी को तालाब में गिरने से रोका जाए और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि शहर के इस प्रमुख जलस्रोत को बचाया जा सके.

## बाहरी पते और मोबाइल नंबरों से मतदाताओं को अनुपस्थित और गैर-भारतीय दिखाया

- मतदाता सूची में फर्जी आपत्तियों का खुलासा
- आपत्तियां निरस्त कर दोषियों पर कार्रवाई की तैयारी

**छतरपुर,31 जनवरी . जिले में मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य के दौरान फॉर्म-7 के बड़े पैमाने पर दुरुपयोग का गंभीर मामला सामने आया है.**

जांच में सामने आया है कि अलग-अलग क्षेत्रों में सैकड़ों मतदाताओं के नाम पर फर्जी आपत्तियां दर्ज कराई गईं, जिनका उद्देश्य मतदाता सूची में हेरफेर कर मताधिकार को प्रभावित करना था. छतरपुर शहर के वार्ड-8 में दर्ज 32 आपत्तियों की जांच के दौरान पाया गया कि आपत्ति दर्ज कराने वालों के पते टीकमगढ़ जिले के और मोबाइल नंबर गुना जिले के थे. बीएलओ द्वारा किए गए भौतिक सत्यापन में सभी 32 मतदाता वार्ड में निवासरत पाए गए. जहरून निशा के नाम पर



टीकमगढ़ निवासी मीरा कुशवाहा द्वारा आपत्ति दर्ज कराने का उल्लेख मिला, जबकि मीरा कुशवाहा ने स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई. इसी प्रकार रिजवाना खातून के नाम पर गणेशा कुशवाहा द्वारा आपत्ति दर्ज की गई, जबकि संबंधित मतदाता वास्तविक रूप से वार्ड में मौजूद पाए गए. फॉर्म-7 में इन्हें जानबूझकर अनुपस्थित दर्शाया गया था.

पनागर विधानसभा क्षेत्र में दर्ज 125 आपत्तियों की जांच में सामने आया कि अधिकांश मतदाता अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित हैं. इन आपत्तियों में मतदाताओं को गैर-भारतीय नागरिक बताया गया था. ग्रामीणों ने प्रशासन को बताया कि उन्होंने कभी इस प्रकार की कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई. इस मामले में गांव के निजी स्कूल संचालक उमाशंकर चौरसिया के नाम से फॉर्म-7 भरने का प्रकरण भी सामने आया है, जबकि उन्होंने इससे साफ इनकार किया है. भारतपुरा गांव में 450 से अधिक मतदाताओं के नाम पर फर्जी आपत्तियां दर्ज होने की जानकारी सामने आई है. यहां आपत्तिकर्ताओं के रूप में दर्ज कई लोगों ने शपथ पत्र देकर ऐसी किसी भी आपत्ति से इंकार किया है. इसके अलावा बिजावर नगरीय क्षेत्र, उदयपुरा, अमरपुरा सहित अन्य गांवों से भी इसी तरह की शिकायतें प्राप्त हुई हैं. प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी है. फर्जी और गलत आपत्तियों को निरस्त किया जा रहा है, वहीं दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है.

## तेंदुआ गांवों में, वन अमला नींद में

नवभारत न्यूज

**सीहोर.** गांव में हिंसक जानवर की मौजूदगी के चलते दहशत के साए में रहने को मजबूर ग्रामीणों की कड़ी में समीपस्थ ग्राम जमोनिया तालाब के ग्रामीण भी शामिल हो गए. बीती रात किसान के खेत पर बंधे जानवरों में से एक बछिया को हिंसक पशु ने अपना शिकार बना लिया. जिम्मेदारों ने गांव में कोटवार से मुनादी कराते हुए ग्रामीणों को सतर्क रहने को कहते हुए कर्तव्यों की इतिश्री कर ली है. जिले के ग्रामीण इलाकों में बीते एक माह से तेंदुआ खुलेआम घूम रहा है, लेकिन वन विभाग की आंखों पर ऐसी पट्टी बंधी है कि उसे न दहशत दिख रही है, न खतरा और न ही आम लोगों की जान की कीमत. नतीजतन बीती रात जिला मुख्यालय से चार किलोमीटर दूर स्थित जमोनिया तालाब गांव में तेंदुए ने किसान कैलाश मीणा आ. बटनलाल मीणा के खेत पर बंधी बछिया को अपना शिकार बना लिया. यह सिर्फ एक बछिया का शिकार नहीं है.

## लुगासी में नशे का कहर, बेटे ने परिवार और पुलिस पर किया हमला

**छतरपुर,31 जनवरी. जिले के लुगासी गांव में शुक्रवार देर रात शराब के नशे में एक युवक ने रिश्तों और कानून की सारी सीमाएं लांघ दीं. नशे में धुत युवक ने पहले अपने माता-पिता के साथ मारपीट की और बाद में नाबालिग भतीजे व पुलिस आरक्षक पर भी जानलेवा हमला कर दिया. घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है.**

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी रवि अहिरवार शुक्रवार रात करीब 12 बजे शराब के नशे में घर पहुंचा और पिता महादेव अहिरवार व मां राजकुमारी से गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा. जान का खतरा देख बुजुर्ग दंपती पुलिस चौकी पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई. शिकायत के बाद जब माता-पिता अपने नाबालिग भतीजे के साथ घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में घात लगाए बैठे आरोपी ने लाठी-डंडों से उन पर हमला कर दिया. हमले



में नाबालिग के सिर पर गंभीर चोट आई और वह मौके पर ही गिर पड़ा. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन आरोपी ने पुलिस आरक्षक जितेंद्र अहिरवार पर भी लाठी से हमला कर दिया, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई. घायल नाबालिग और आरक्षक को जिला अस्पताल छतरपुर में भर्ती कराया गया है, जहां दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है. नौगांव थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है. वायरल वीडियो के आधार पर आरोपी की पहचान कर जल्द गिरफ्तारी की जाएगी.

**विदाई समारोह** | दि आक्सफोर्ड स्कूल में विदाई समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

## अनुशासन और नैतिक मूल्यों से करें देश का नाम रोशन : कुरियन

नवभारत न्यूज

सीहोर 31 जनवरी. दि ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंड्री स्कूल में कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों का 31 वां विदाई समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. प्रिया शर्मा, विद्यालय अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन एवं प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन थे.

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना गीत से किया गया. तत्पश्चात वंशिका मेवाड़ा द्वारा स्वागत भाषण दिया गया. अतिथियों को सम्मानित किया गया.कक्षा 11 वीं के विद्यार्थियों द्वारा समूह नृत्य, नाटक व गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विद्यालय की पूर्व



छात्रा डॉ. प्रिया शर्मा ने अपने विद्यालय जीवन की स्मृतियों को साझा करते हुए विद्यार्थियों को परिश्रम, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास के माध्यम से सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया. एड. जॉली कुरियन ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़कर वे समाज और देश का नाम रोशन करें. प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन ने सभी विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा, आगामी प्रतियोगिता परीक्षा के लिए मार्गदर्शन दिया और शुभाशीष देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की. इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को प्रेरणादायक शब्दों से संबोधित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की. कार्यक्रम में कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न भेंट किए गए. विद्यार्थियों ने स्टेज पर रेम्प वाक कर सबको आनंदित किया. इस मौके पर मिस्टर ऑक्सफोर्ड नीव सक्सेना, मिस ऑक्सफोर्ड स्वाति मेवाड़ा, स्टूडेंट ऑफ द ईयर दुष्यंत सिंह बघेल, अचिवमेंट निशिका नाथ, बेस्ट लीडरशिप दक्ष ठकुराल, डिसिप्लिन विजय वर्मा, मेक्सिमम अटेंडेंस खुशी मेवाडा, एकेडमिक एक्सीलेंस सार्थक बसक, आलराउंडर हर्षित गौर, मिस्टर फेयरवेल मोहित वर्मा, मिस फेयरवेल अंशिका शर्मा, अर्ली बर्ड जयेश नरवारे, स्पोर्ट्स एक्सीलेंस दीपाली रालयावना, कल्चरल एक्सीलेंस श्रेयांश सिंह मेवाड़ा, पंक्चुअलिटी एक्सीलेंस अक्षा दीप को चुनकर पुरस्कृत किया गया.

कार्यक्रम का संचालन शालिनी तिवारी, राधिका मंगरोलिया, अंजना विश्वकर्मा, भावेश परमार ने व आभार प्रदर्शन नीव सक्सेना द्वारा किया गया. प्रार्थना एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ.

## संत रविदास जयंती पर आज होंगे कार्यक्रम

**सीहोर.** संत समानता और सामाजिक न्याय के प्रतीक गुरू रविदास महाराज जयंती रविवार को रविदास मंदिर पर मनाई जाएगी. जिसमें गणमान्य नागरिक, व समाजजन शामिल होंगे. समिति के संरक्षक नरेन्द्र खंगराले, सन्नी जाटव, डीपी आर्य, सुनील फरेला, गंगाराम परसैया, देवेन्द्र अहिरवार, पन्नालाल खंगराले, शुभम कचनेरिया, धन्ना लाल परचोले, महेश आर्य, सत्येन्द्र मंगरोलिया, मनोज फरेला, हितेन्द्र कचनेरिया, नरेन्द्र बनवईया, कमल किशोर जाटव, राहुल कचनेरिया, कपिल पुरविया, टीटू कचनेरिया, प्रवेश परिहार, अभय अहिरवार, सचिन महोबिया, सतीश महोबिया, चद्रशेखर टिमरई ने कार्यक्रम में आने की अपील की है.